सूचना और प्रसारण मंत्रालय

डीडी किसान ने जीता ENBA गोल्ड अवार्ड

Posted On: 01 MAY 2022 12:25PM by PIB Delhi

डीडी किसान ने अपने कार्यक्रमों की उच्च गुणवत्ता का एक बार फिर से परिचय देते हुए प्रतिष्ठित ENBA अवार्ड जीता है। डीडी किसान के कार्यक्रम 'अपना पशु चिकित्सक' को ENBA स्पेशल अवार्ड बेस्ट कैंपेन फॉर सोशल कॉज (हिंदी) के लिए गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

पिछले 14 वर्षों से ENBA अवार्ड्स का आयोजन हो रहा है जिसमें मीडिया में एक मुक़ाम हासिल कर चुके और देशहित में काम करने वाले मीडिया कर्मियों को पुरस्कृत किया जाता है। इसी कड़ी में 30 अप्रैल, 2022 को दिल्ली में ENBA अवार्ड्स 2021 समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डीडी किसान के महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'अपना पशु चिकित्सक' को सम्मानित किया गया।

डीडी किसान पर हर रविवार शाम 6:30 बजे प्रसारित होने वाला 'अपना पशु चिकित्सक' कार्यक्रम पशुपालन में पशुपालकों की समस्याओं का एक समाधान है। जिसमें हर सप्ताह एक अलग रोग पर जानकारी दी जाती है। कार्यक्रम में दर्शक फोन के ज़रिए जुड़ते हैं और उनकी समस्या का हल बताते हैं स्टूडियो में मौजूद विशेषज्ञ। इस कार्यक्रम के सभी एपिसोड आप दिए गए लिंक पर क्लिक करके देख सकते हैं - https://www.youtube.com/playlist?list=PLKANlcNm49aWJeluTlaMGg_n3gPFoSh5S

डीडी किसान एक मात्र चैनल है, जो केवल किसानों और उनसे जुड़े मामलों के लिए शुरू किया गया। अपने आप में एक खास पहचान रखने वाले इस चैनल पर आप आधुनिक खेती के तरीकों, मौसम की चाल, सरकार की किसानों को लेकर चलाई जा रही योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी के अलावा मंडी में फ़सलों के भाव तक की जानकारी हासिल कर सकते हैं। डीडी किसान केवल फसलों की जानकारी तक ही सीमित नहीं है बल्कि ये पशुधन के रख-रखाव और उनकी देखभाल की भी जानकारी विशेषज्ञों के जरिए दर्शकों तक पहुंचाता है। डीडी किसान अपने दर्शकों की सेहत का ख्याल रखने के लिए भी लाभदायक कार्यक्रमों को दर्शकों तक पहुंचाता है।

यह सभी कार्यक्रम डीडी किसान के यूट्यूब चैनल पर भी उपलब्ध हैं। इन्हें देखने के लिए नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

****

Saurabh Singh

(Release ID: 1821759) Visitor Counter : 69

Read this release in: English , Urdu , Marathi , Tamil